# हरिभूमि

छत्तीसगढ़, मध्यप्रदेश, हरियाणा व दिल्ली से एक साथ प्रकाशित

समाचार ही नहीं, विचार भी

haribhoomi.com

रायपुर, रविवार 14 सितंबर 2025




## खबर संक्षेप



### पेंशनर समाज की बैठक में समस्याओं पर की चर्चा

**कांकेर।** पेंशनर समाज जिला कांकेर की मासिक बैठक में पेंशनरो की समस्या, नए सेवानिवृत्त कर्मचारियों को संगठन से जोड़ने एवं सदस्यता ग्रहण कराने के संबंध में चर्चा की गई। साथ ही पेंशनरो की बैठक और विविध कार्यक्रमों के लिए माइक सेट की आवश्यकता का प्रस्ताव भी आया, जिसे सर्व सम्मति से पास कर संगठन के फण्ड से 20 हजार रूपएं खर्च करने का प्रस्ताव पास किया गया। इसके साथ ही अयोध्या में 20 से 22 दिसंबर तक होने वाले राष्ट्रीय अधिवेशन के संबंध में भी उपस्थित के लिए सहमति ली गई।

### शराब जब्त, दो कोचिया पर की गई कार्रवाई



**कांकेर।** मुखबिर से जानकारी मिला कि पंडरीपानी की ओर एक व्यक्ति अवैध रूप से शराब बेचने के लिए अपने पास शराब रखा हुआ है और ग्राहक की तालाश में है। कांकेर थाना की पुलिस टीम ने 12 सितंबर को छापामार कार्यवाही करते हुए आरोपी बागोड़ निवासी बंटी नरेटी को पकड़ा और उसके कब्जे से 10 पौवा शराब व नगद 200 रूपएं को जप्त कर धारा 34 (1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया। भानुप्रतापपुर पुलिस ने छापामार कार्यवाही करते हुए अवैध ढंग से लोगो को शराब पीने का सामान व जगह उपलब्ध कराते हुए आरोपी कन्हारगांव निवासी पवन विश्वकर्मा को पकड़ा। आरोपी के कब्जे से देशी महुआ शराब और दो डिस्पोजल को जप्त कर धारा 36 (सी) आबकारी एक्ट के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

### एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प 19 को होगा

**कांकेर।** जिला रोजगार एवं स्वरोजगार मार्गदर्शन केन्द्र कोड़ेजुंगा कांकेर में 19 सितम्बर को सुबह 11 से अपरान्ह 03 बजे तक एक दिवसीय प्लेसमेंट कैम्प का आयोजन किया जाएगा, जिसमें निजी क्षेत्र के नियोजकों द्वारा कुल 275 रिक्तियों के आधार पर भर्ती की जाएगी। जिला रोजगार अधिकारी बीआर ठाकुर ने बताया कि उक्त प्लेसमेंट कैम्प में सिक्युरिटी गार्ड के 200 पद, सिक्युरिटी सुपरवाइजर के 25 और फिल्ड ऑफिसर के 50 रिक्त पदों पर भर्ती की जाएगी। उन्होंने कहा कि इच्छुक आवेदक उक्त प्लेसमेंट कैम्प में उपस्थित होकर या ई-रोजगार के पोर्टल पर ऑनलाईन आवेदन पर अपना सम्पूर्ण बायोडाटा के साथ आवेदन पत्र जमा कर सकते हैं।

पेज 03 के शेष...

### लोहातर-जाड़ेकुर्से सड़क...

भी खतरनाक हो सकती है। ग्रामीणों ने स्थानीय प्रशासन से अपील की है कि ठेकेदार की लापरवाही पर तत्काल संज्ञान लिया जाए और नया पुलिया बनाने का काम जल्द शुरू हो।

### रेत के अवैध...

के नयापारा बालोद निवासी 46 वर्षीय चमन देशमुख पिता स्व. साधुराम होना बताया। चालक ने बताया कि उक्त वाहन बालोद जिला के हिरापुर निवासी टागेश्वर साहू का है। दूसरा हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 22 एएफ 5100 के चालक ने अपना नाम राजनांदगांव जिला के डोंगरगढ़ थानांतर्गत ग्राम पांडुका निवासी 35 वर्षीय तुलाराम साहू पिता महावीर साहू होना बताया व उक्त वाहन डोंगरगढ़ के हर्ष मोहरा का होना बताया गया। रेत परिवहन के संबंध में कोई वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर संयुक्त टीम के द्वारा अवैध रेत से भरा 2 नग हाईवा को जप्त कर आगामी वैधानिक कार्यवाही के लिए खनिज शाखा, कलेक्ट्रेट कार्यालय कांकेर को सूपूर्द किया गया है एवं मामले में अग्रिम वैधानिक कार्यवाही की जा रही है।

# विधायक ने कन्या हायर सेकंडरी स्कूल अभनपुर में साइकिलों का किया वितरण

## छात्राओं को स्कूल आने-जाने में मिलेगी राहत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुधावा

सरकार के महत्वाकांक्षी योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल वितरण कार्यक्रम शासकीय कन्या हायर सेकेंडरी स्कूल अभनपुर में विधायक आशाराम नेताम के द्वारा किया गया। ग्रामवासियों एवं स्कूल प्रबंधन के द्वारा ढोल नगाड़ा मांदरी नृत्य से विधायक आशाराम नेताम का स्वागत अभिनंदन किया गया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विधायक ने कहा कि शिक्षा ही है जो हमें संस्कारों से जोड़कर रखता है। शिक्षा के बिना विकास की कल्पना अधूरी रह जाती है एवं बेटियां आज हर मोर्चे पर अव्वल दर्जे पर है। विधायक आशाराम नेताम ने छात्राओं के उज्जवल भविष्य शुभकामनाएं देते हुए विकास कार्यों की घोषणा की गई। कार्यक्रम में जिला शिक्षा अधिकारी आरके निषाद के द्वारा सभा को संबोधित करते हुए शिक्षा के महत्ता पर प्रकाश डालते हुए समय के साथ शिक्षा एवं शिक्षा की भविष्य में उपयोगिता क्या है पर चर्चा करते हुए विद्यार्थियों को बहुत ही प्रेरणाप्रद बातें कही गई। कार्यक्रम में उपस्थित भारतीय जनता पार्टी मंडल अध्यक्ष एवं विद्यालय शाला प्रबंधन समिति के अध्यक्ष टेकेश्वर सिन्हा द्वारा भी सभा को संबोधित करते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के मुखिया विष्णु देव साय के नेतृत्व वाली भाजपा सरकार को आभार मानते बालिका शिक्षा को बढ़ावा देने वाली योजना निःशुल्क सरस्वती साइकिल योजना के बारे में विस्तार पूर्वक बात रखते हुए छत्तीसगढ़ सरकार के 25 वर्षों के विकास यात्रा पर चर्चा करते हुए विधायक को कार्यक्रम में पधारने के लिए धन्यवाद ज्ञापित किया।



### विकसित भारत के लिए संकल्प लें

कार्यक्रम को पूर्व जिला पंचायत सदस्य और भारतीय जनता पार्टी जिले के मंत्री हीरा मरकाम द्वारा संबोधित करते हुए रजत जयंती महोत्सव नहीं अपितु विकसित छत्तीसगढ़ के संकल्प लेने का भी अवसर बताया। सभा को जनपद पंचायत नरहरपुर के सदस्य भाऊ राम भास्कर, गांव के पटेल पंचम नेताम द्वारा भी संबोधित किया। प्रतिवेदन उद्बोधन विद्यालय के प्राचार्य आरपी नेताम, समापन एवं आभार ग्राम पंचायत अभनपुर के सरपंच मालती नेताम द्वारा किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंडल अध्यक्ष जीवन नेताम, यशवंत सुरोजिया, घुने नेताम, जितेंद्र नायक, मन्नू राम भास्कर, रुखदेव यादव, बिसनाथ नेताम, रतिराम नेताम, विष्णु सोरी, विष्णु नेताम, अजय नेताम, आनंद नेताम, लता नेताम, दोनों विद्यालय के प्राचार्य एवं विद्यालय परिवार परिवार सहित ग्रामवासी उपस्थित रहे।

## नहरपुर महाविद्यालय पर किया गया समारोह

# संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती व विकसित भारत 2047 पर की चर्चा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नरहरपुर

■ प्राचार्य ने 25 वर्ष के विकास की जानकारी दी



छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना के 25 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शासकीय नवीन महाविद्यालय नरहरपुर में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव एवं विकसित छत्तीसगढ़ 2047 पर संगोष्ठी परिचर्चा का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छत्तीसगढ़ महतारी एवं महापुरुषों की पूजा अर्चना कर की गई। संस्था के प्राचार्य बीआर भेड़िया द्वारा स्वागत उद्बोधन में छत्तीसगढ़ के 25 वर्ष के सफर पर संक्षिप्त प्रकाश डाला गया।

पार्षद मुकेश संचेती ने कहा की छत्तीसगढ़ राज्य का सपना तत्कालीन प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी ने पूरा किया और अटल का मानना था की किसी भी देश के विकास के लिए गाँव का विकास करना महत्वपूर्ण है और भारत तो गाँव में बसता है जब तक गाँव मे मुलभूत सुविधाएं सड़क बिजली पानी स्वास्थ्य शिक्षा की सुविधा हम उपलब्धता नही कराते तब तक देश का विकास संभव नहीं। छत्तीसगढ़ राज्य निर्माण के पच्चीस वर्ष होने जा रहा और इन पच्चीस वर्षों में विकास की गति में छत्तीसगढ़ ने एक नया कीर्तिमान स्थापित किया है, जिसमें छत्तीसगढ़ के गरिबो को चावल देने के लिये छत्तीसगढ़ की पीडीएस प्रणाली को पुरे देश में सराहा जाता है तथा आज छत्तीसगढ़ में रोज़गार मूलक योजना, उद्योगों की स्थापना के लिए सरकार प्रयासरत है, जिससे प्रदेश में रोज़गार के अवसर तैयार किए जा सकेंगे। मंडल अध्यक्ष संतोष भास्कर ने कहा की छत्तीसगढ़ युवा अवस्था की ओर अग्रसर होने जा रहा और यही अवस्था प्रदेश का भविष्य निर्माण करेर्गा वही आने वाले 2026 तक छत्तीसगढ़ नक्सल मुक्त होने की ओर अग्रसर है। इसी कड़ी में महाविद्यालय विकास समिति के अध्यक्ष लक्ष्मी नारायण साहू ने छात्र छात्राओं को शिक्षा के साथ ही समाज व ग्रामीण क्षेत्रों की समस्याओं पर भी ध्यान देने की बात कही, जिसमें 2047 तक देश विकसित भारत की ओर अग्रसर हो सके, इसके लिए युवाओं की विशेष भूमिका पर जोर दिया गया। महाविद्यालय के विद्यार्थी प्रतीक मेश्राम, राशि और ओजस्वी के द्वारा अपने विचार प्रस्तुत किए गए। कार्यक्रम में से मोहन कुंजाम आसकरण ध्रुव, महेश्वर वारदे, पीएस कोराम, बी केमरो, मीनाक्षी भगत, लता कोमरे, संदीप कुमार नेताम, आरके ओट्टी, एस कुमार साहू, केसरलता साहू, संजय पाटिल, दिनेश कुमार निषाद और महाविद्यालय के सभी छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

# नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति की 30वें वर्षगांठ की तैयारी जोरों पर



हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

नवजोत मां दुर्गोत्सव समिति दुर्गुकोंदल द्वारा इस वर्ष 30वें वर्षगांठ के अवसर पर दुर्गोत्सव 2025 का आयोजन किया जा रहा है। इस उपलक्ष्य में शिव मंदिर प्रांगण में एक आवश्यक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में समिति के पदाधिकारी एवं सदस्य, ग्राम पंचायत दुर्गुकोंदल की सरपंच शकुंतला नरेटी, उपसरपंच एवं पूर्व सरपंच राम बघेल की उपस्थिति में 9 दिनों तक चलने वाले दुर्गा महोत्सव की रूपरेखा पर चर्चा की गई, जिसमें पूजा-अर्चना, पंडाल सजावट, मूर्ति स्थापना, धार्मिक कार्यक्रमों एवं सांस्कृतिक आयोजनों के बिंदुओं पर विस्तार से विचार-विमर्श हुआ।

समिति द्वारा विभिन्न जिम्मेदारियां निर्धारित की गईं, जिसमें दुर्गा मूर्ति के लिए शिवचरण सिन्हा, आनंद माहवे, गैन्दलाल लावत्रे, मुन्ना सिन्हा, सुमन नाग, हुमन मरकाम, साड़ी अनुराग त्रिवेदी, ज्योति घी जोहतरीन गौतम, फल माहरू राम नाग, दीपक जैन, भंडारा कन्हैया लाल शोरी एवं अन्य सदस्यों पदाधिकारीयो ने भी दान स्वरूप सहयोग राशि दैनिक की बात कही। समिति ने संकल्प लिया कि दुर्गा महोत्सव को इस बार और अधिक भव्यता, धार्मिक उत्साह और सामाजिक सद्भाव के साथ मनाया जाएगा। बैठक में उपसरपंच तामेश्वरी जैन, व्यापारी कल्याण संघ अध्यक्ष बालमुकुंद सिन्हा, शयामलाल दुग्गा, विनोद पारख, राजकिशोर, दीपक जैन, ओम्‍ दुग्गा,गेदलाल लावत्रे, सुमन नाग, हेमंत नाग, कन्हैया लाल शोरी, माहरू राम जैन, हेमंत श्रीवास्तव, नरेंद्र जैन, सोमल जैन तथा लेडीज ग्रुप से जे गौतम, रीता वस्त्रकार एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

# वकील से मारपीट एवं जान से मारने की दी धमकी युवक पर मामला दर्ज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



पखांजुर थानांतर्गत पीव्ही 125 बैकुण्ठपुर में पेशे से वकील को गांव के युवक ने वकालतगिरी करने का मजा चखाता हूँ कहते हुए मारपीट कर जान से मारने की धमकी दिया। अधिवक्ता ने थाना पखांजुर में शिकायत दर्ज कराया, वहीं आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया गया।

थाना में शिकायत करने पहुंचे पीव्ही 125 बैकुण्ठपुर निवासी 26 वर्षीय गुरूदास विश्वास पिता संजय विश्वास ने पुलिस को बताया कि वर्तमान में सिविल कोर्ट में वकालत करता हूं। चाचा उत्तम हिरा के बेटे मनतोष हिरा को 10 सितंबर को शाम साढ़े 7 बजें प्रवीण ढाली ने मारपीट किया है, आप आओ साथ में चलकर मालूम करते हैं कहकर मुझे बुलाकर ले गया। हम लोग जैसे ही गांव के प्रवीण ढाली पिता ठाकुर दास ढाली के घर के सामने पहुंचे, तो प्रवीण ढाली मुझे देखकर कहने लगा कि तुम यहां क्यों आए हो और गाली देने लगा। मैने गाली देन से मान किया तो उसने बोला कि तुम गाली देने से मना करने वाले कौन होते हो। आरोपी कहने लगा कि तुझे वकालतगिरी करने का मजा चखाता हूं कहते हुए जान से मार डालूंगा की धमकी देकर मेरे कालर पकड़कर हाथ मुक्का से मारपीट किया है। मारपीट से मेरे गर्दन, पीठ, कान, गाल में दर्द हो रहा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी प्रवीण ढाली के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।



# बीईओ ने संकुल केंद्र हाटकर्रा का किया निरीक्षण, योग और पढ़ाई की प्रेरणा दी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ दुर्गुकोंदल

खण्ड शिक्षा अधिकारी भानुप्रतापपुर ने शनिवार को दूरस्थ वनांचल क्षेत्र बांसकुंड अंतर्गत संचालित प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं का बैकलेस डे पर औचक निरीक्षण किया।

इस दौरान माध्यमिक शाला बांसकुंड में बच्चों को योगाभ्यास करवाकर स्वास्थ्य लाभ और योग के महत्व को समझाया गया। प्राथमिक शाला बांसकुंड में बच्चों की पठन-लेखन क्षमता सुधारने के लिए गतिविधियों पर बल दिया गया तथा कक्षा 3 से 5 तक के विद्यार्थियों को नवोदय व एकलव्य प्रवेश परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। कक्षा 1 और 2 के बच्चों को चित्र कार्ड से पहचान कराई गई तथा उत्साहवर्धन के लिए चॉकलेट वितरण किया गया। बीईओ एसएस केमरो ने शिक्षकों को निर्देश दिए कि तिमाही परीक्षा तक सभी बच्चों को आवश्यक दक्षता व कौशल सिखाना सुनिश्चित करें। साथ ही विद्यार्थियों को एनएमएमएसई और प्रयास परीक्षा की तैयारी के लिए प्रेरित किया गया। प्राथमिक शाला कुम्हारपारा में वर्णमाला, गिनती और लेखन कौशल पर ध्यान देने के निर्देश दिए गए। आंगनबाड़ी और बालवाड़ी के बच्चों को भी चॉकलेट देकर प्रोत्साहित किया गया। निरीक्षण के दौरान संकुल समन्वयक तिलक कुमार सर्फे उपस्थित रहे।

# संकुल स्तरीय क्विज, भाषण एवं इतिहास लेखन प्रतियोगिता हुई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ सरोना



नरहरपुर विकासखण्ड के संकुल केंद्र अभनपुर में संकुल स्तरीय क्विज़, भाषण एवं इतिहास लेखन प्रतियोगिता का भव्य आयोजन किया गया। इस प्रतियोगिता में पाँच प्राथमिक विद्यालय, तीन पूर्व माध्यमिक विद्यालय एवं दो हायर सेकेण्डरी विद्यालयों से शाला स्तर पर चयनित प्रतिभाशाली बच्चों ने हिस्सा लिया। प्रतियोगिता का उद्देश्य बच्चों की बौद्धिक क्षमता, रचनात्मक सोच एवं वक्तृत्व कौशल को निखारना रहा।

आयोजित प्रतियोगिता के दौरान बच्चों में गजब का उत्साह और प्रतिस्पर्धा देखने को मिली। मंच पर कभी प्रश्नोत्तरी की रोमांचक झड़ी लगी तो कभी वक्ताओं के जोशीले शब्दों ने श्रोताओं को प्रभावित किया। इतिहास लेखन में बच्चों ने अपने विचारों को धाराप्रवाह प्रस्तुत किया, वहीं क्विज़ में तेज दिमाग और तत्परता का परिचय दिया। विजेताओं में प्राथमिक शाला स्तर इतिहास लेखन काव्या शोरी, भाषण रचना मांडवी, पूर्व माध्यमिक स्तर इतिहास लेखन यासनी यादव, भाषण निहारिका नेताम, क्विज़ प्रतियोगिता प्रथम नगीना उसेंडी, द्वितीय यासनी यादव, हायर सेकेण्डरी स्तर इतिहास लेखन संजना पटेल, भाषण तोषी मांडवी, क्विज़ प्रतियोगिता प्रथम रोशन जैन, द्वितीय वसुंधरा नेताम रही। कार्यक्रम में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर आए बच्चों को प्रशस्ति पत्र एवं पुरस्कार प्रदान कर सम्मानित किया गया। वहीं सभी प्रतिभागियों को सांत्वना पुरस्कार देकर उनका उत्साहवर्धन किया गया। इस दौरान पूरे कार्यक्रम में बच्चों के चेहरे पर आत्मविश्वास और उपलब्धि की चमक साफ झलक रही थी। इस अवसर पर संकुल प्राचार्य रूपेन्द्र रामटेके, बीएल साहू, संकुल समन्वयक खेमन सुरोजिया, कार्यक्रम संयोजक अफजल अली एवं मनीष साहू उपस्थित रहे। प्रतियोगिता को सफल बनाने में नोडल शिक्षक शिल्पी श्रीवास्तव, दीपा नेताम, पूजा ठाकुर, नम्रता तिवारी, टाकेश्वरी साहू, मानेश सिन्हा, भुनेश्वर साहू, नितेश साहू एवं जितेंद्र ध्रुव का महत्वपूर्ण योगदान रहा। सभी शिक्षकों ने बच्चों के प्रदर्शन की सराहना की और उन्हें निरंतर अध्ययन, लेखन एवं प्रतियोगिताओं में भाग लेने के लिए प्रेरित किया।

## प्रदेश भर के 16 हजार कर्मचारियों का आंदोलन जारी

# राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के संविदा कर्मचारी मोदी की गारंटी पूरा कराने हड़ताल पर डटे

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कांकेर



राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारी अपनी 10 सूत्रीय मांगों को लेकर अनिश्चितकालीन हड़ताल पर चले गए हैं। प्रदेशभर के लगभग 16 हजार स्वास्थ्यकर्मी हड़ताल में शामिल है, जिसमें जिले के 655 कर्मी शामिल है। हड़ताल में चले जाने से स्वास्थ्य व्यवस्था बुरी तरह प्रभावित हो गई है।

धरना स्थल में एनएचएम कर्मियों ने सबसे पहले राष्ट्रगान के साथ शुरुआत करते हुए हड़ताल के 27 वां दिन धरना स्थल पर नारा लगाया कि जब जब कर्मचारी बोला है, राज सिंहासन डोला है। लड़बो जीतबो नियमितीकरण लेके रहीबो नारा के साथ सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन किया गया। संघ के द्वारा जब तक कर्मचारियों की मांगें पूरी नहीं होंगी, आंदोलन जारी रहेगा की जानकारी बताई गई। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मियों ने बताया कि प्रदेश में विष्णु के सुशासन में मोदी कि गारंटी फेल है। सरकार हमे संवाद करने के बजाय दमनात्मक नीति का प्रयोग कर रही है। सरकार राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों द्वारा बताया गया कि सरकार हमसे संवाद करके मोदी की गारंटी को पूर्ण करने की मांग की। विधायक आशाराम नेताम द्वारा एनएचएम अनिश्चितकालीन हड़ताल कांकेर इकाई को पूरी तरह समर्थन दिया गया तथा इनके मांगो पर यथोचित कार्यवाही के लिए मुख्यमंत्री को अनुशंसा पत्र प्रेषित किया गया। राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन के कर्मचारियों का आरोप है कि सरकार 10 में से 5 मांगें पूरी होने का दावा कर रही है, लेकिन एक भी लिखित आदेश जारी नहीं हुआ। स्वास्थ्य मंत्री जिन 5 मांगों को पूरी करने की बात कही जा रही हैं, उन मांगों को भी अपने मुखारबिंद से मुखरित नहीं कर पा रहे हैं। मंत्री को अधिकारियों द्वारा गुमराह करने का सनसनीखेज आरोप लगाते हुए कर्मचारियों ने इसे धोखे की साजिश करार दिया। एनएचएम कर्मचारी संघ ने आंदोलन को रायपुर तक ले जाने और उग्र प्रदर्शन की चेतावनी दी है।

# पति की मारपीट से परेशान पत्नी ने थाने में की शिकायत



**कांकेर।** आसुलखार में पत्नी के चरित्र पर शक करते हुए पति के द्वारा लगातार मारपीट करता था। परेशान पत्नी ने पति के मारपीट और प्रताड़ना से परेशान होकर पुलिस से शिकायत किया। पुलिस को बताया कि शादी के बाद सब कुछ ठीक था। पिछले एक से दो सालो से पति का व्यवहार बदल गया है। मेरे चरित्र पर शक करते है और आए दिन मारपीट करते है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ मामला दर्ज किया है। भानुप्रतापपुर थानांतर्गत आमापारा आसुलखार निवासी मोमिता बसु पति महानंद विश्वास ने पुलिस को बताया कि गृहणी का काम करती हूं। मेरा विवाह वर्ष 2015 मे आसुलखार निवासी महानंद विश्वास पिता स्व. देशबंधु विश्वास के साथ सामाजिक रीति रिवाज के साथ हुआ है। हम दोनों का चार साल का एक बच्चा है। शादी के बाद कुछ सालों तक पारिवारिक जीवन सब ठीक ठाक चला। विगत पिछले एक दो साल से मेरे पति महानंद विश्वास के द्वारा मेरे चरित्र पर शक करने की बात को लेकर आए दिन गाली गलौच कर मारपीट करता रहता है। मेरे पति 11 सितंबर को शाम 4 बजें मेरे द्वारा मां से मोबाईल फोन मे बात करते हो कहकर गाली देने गले। जान से मारने की धमकी देकर हाथ मुक्का, बांस डंडा व पत्थर से मारपीट किया। मेरे पति के द्वारा मारपीट करने से मेरे सिर, दोनो हाथ एवं पीठ मे चोट लगा है। शिकायत पर पुलिस ने आरोपी महानंद विश्वास के खिलाफ धारा 115 (2), 296, 351 (2) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया।

तापमान

अधिकतम 31.0 डिग्री

न्यूनतम 24.0 डिग्री

हरिभूमि

# कांकेर भूमि

रायपुर, रविवार, 14 सितंबर 2025

भानुप्रतापपुर | चारामा | अंतागढ़ | पखांजूर | दुर्गूकोंदल | नरहरपुर | लखनपुरी | कोयलीबेड़ा



02 संगोष्ठी में छत्तीसगढ़ रजत जयंती व विकसित ...





04 नेशनल लोक अदालत में 85 हजार से अधिक...









## खबर संक्षेप



### लोहातर-जाड़ेकुर्से सड़क पर पुलिया निर्माण अधूरा

**दुर्गूकोंदल।** लोहातर से जाड़ेकुर्से सड़क पर बने पुलिया को ठेकेदार ने तोड़कर हटा दिया, लेकिन नया पुलिया बनाने का काम अब तक शुरू नहीं किया गया है। इस लापरवाही के कारण स्कूली छात्रों, राहगीरों और चार पहिया वाहन चालकों को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। ग्रामीणों का कहना है कि ठेकेदार ने पुलिया तोड़ने के समय आश्वासन दिया था कि शीघ्र ही नया पुल बना दिया जाएगा, लेकिन हफ्तों बीतने के बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हुआ। इस वजह से लोग अस्थायी रास्तों से गुजरने को मजबूर हैं, जो बेहद असुरक्षित और कठिन हैं। स्कूली बच्चों को स्कूल पहुंचने में काफी समय लग रहा है, जबकि वाहन चालकों को लंबा रास्ता तय करना पड़ रहा है। राहगीरों का कहना है कि बारिश के दिनों में यह स्थिति और शेष पेज 02 पर

### कार्रवाई : चेन माउंटेन को छोड़कर चालक भागा, टीम कर रही तलाश

# रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त दो हाईवा को किया कढ़ईखोदरा में जब्त

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

बारिश के समय रेत का अवैध उत्खनन पूरी तरह से बंद होने के बावजूद अंतागढ़ के कढ़ईखोदरा में अवैध रेत का उत्खनन और परिवहन का खेल अनवरत जारी है और हाईकमान के दबाव में बीती रात को राजस्व एवं पुलिस टीम ने रेत से भरी दो हाईवा को थाना लेकर पहुँचे। जानकारों ने यह भी बताया कि आसपास लगभग 12 हाईवा खड़ी थी, जो खाली थी। इसके अलावा नदी से रेत निकालने वाली चैन माउंटेन थी, जिसका चालक टीम को देखकर अंधेरा का फायदा उठाकर भाग गया। टीम के पास साधन नहीं हो पाने के कारण चैन माउंटेन थाने नहीं ला पाएं, सुबह तक चैन माउंटेन उस स्थल से गायब हो गई थी। थाना अंतागढ़ के अंतर्गत जोगी नाला ग्राम कढ़ाईखोदरा में रेत परिहवन की जानकारी मिलने पर 12 सितंबर की रात करीबन 10 बजे राजस्व एवं पुलिस की संयुक्त टीम कार्यवाही के लिए रवाना हुआ। मौके पर दबिश दिया गया, जहाँ पर दो हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 4468 और हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 22 एएफ 5100 को पकड़ा गया, जिसमें रेत लोड थी। रेत परिहवन करने वाले वाहन चालकों से पूछताछ करने पर हाईवा वाहन क्रमांक सीजी 13 एआर 4468 के चालक द्वारा अपना नाम बालोद जिला शेष पेज 02 पर

> ■ हरिभूमि ने इस खेल को विभाग के संज्ञान में लाया था, तब जारी हुआ था नोटिस

**हाईवा चालक ने रेत उत्खनन में संलिप्त तस्करों के किए नाम उजागर**





#### चेन माउंटेन का चालक फरार

चैन माउंटेन का चालक टीम की आहट सुनकर भाग गया। संयुक्त टीम ने चालक की तलाश किया, परंतु कुछ पता नहीं चल पाया। वाहनों के पकड़े जाने का हल्ला आसपास गांव में फैल गया था। ग्रामीणों की मानें तो रात के आसपास बालोद एवं राजनांदगांव के एक दर्जन हाईवा इधर से उधर खड़े हुए थे। कार्यवाही करने वाली टीम के जाने के बाद हाईवा वाहन नौ दो ग्यारह हो गए।

#### रेत तस्करों के नाम उजागर

रेत से भरे दोनो वाहन के चालकों से संयुक्त टीम ने पूछताछ किया तो चालकों ने बताया कि अंतागढ़ के भवानी सिन्हा के कहने पर हम लोग रेत लेने आएं थे। चालकों ने यह भी बताया कि उसका कहना था जिसे मुझे संरक्षण दिया है, उसे एक हाईवा का 8 हजार रूपएं देना पड़ता है। विगत समय सोशल मीडिया में जिला पंचायत सदस्य ने 20 अगस्त को एक बापू के टट्टू का उल्लेख किया था, परंतु खुलकर रेत माफियाओं को संरक्षण देने वालों का नाम उजागर नहीं किया था। अवैध रेत के खेल की जानकारी पूरे अंतागढ़ को है, परंतु सब ने मौन साध लिया है। तस्कर ने सभी लोगों को अपने स्तर पर सभी को रेट फिक्स कर दिया है, उसी के चलते मौन का खेल अनवरत जारी है।

## खेत जाते ग्रामीण पर भालू का हमला, घायल का इलाज जारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर



देवडोंगर में खेत में काम करने के लिए जा रहें किसान के ऊपर भालू ने हमला कर उसे घायल कर दिया। घायल किसान भालू को देखकर डर गया। भालू ने अचानक हमला कर उसके पैर और गर्दन को दबा दिया। मदद के लिए किसान जोर जोर से चिल्लाने लगा। आवाज को सुनकर आसपास मौजूद लोग पहुंचे। अन्य लोगो को आता देख भालू जंगल की ओर भाग गया।

जिले में एक बार फिर नरहरपुर विकासखंड के ग्राम देवडोंगर गांव में भालू के हमले की घटना सामने आई है। ग्रामीण 13 सितंबर को सुबह लगभग साढ़े 9 बजे खेत कि ओर जा रहा था। झाड़ियों में छूपे भालू ने किसान मायाराम के ऊपर अचानक हमला कर दिया।

इस घटना में देवडोंगर निवासी 50 वर्षीरू मायाराम मरकाम पिता भल सिंह गंभीर रूप से घायल हो गए। जानकारी के अनुसार मायाराम रोज की तरह अपने खेत की ओर जा रहा था। तभी झाड़ियों से निकले भालू ने उन पर अचानक हमला कर दिया। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीण मौके पर पहुँचे और किसी तरह भालू को भगाया। इसके बाद घायल मायाराम को एंबुलेंस की मदद से तुरंत जिला अस्पताल लाया गया, जहाँ उनका इलाज जारी है।

ग्रामीणों ने बताया कि इस क्षेत्र में लगातार भालुओं की आवाजाही बढ़ रही है, जिससे लोगों में दहशत का माहौल है। दो तीन साल से भालुओं की गतिविधियाएं इस ईलाके में बढ़ी है। कांकेर जिला में भालूओं की संख्या अचानक बढ़ गई है और लगातार वारदातें भी हो रही है।

वन विभाग को इस घटना की जानकारी दी गई है। विभागीय अधिकारियों ने बताया कि भालुओं की गतिविधियों पर निगरानी रखी जा रही है और ग्रामीणों को सावधानी बरतने अव्हान किया गया।




## खबर संक्षेप



### सिहारी जलाशय की जीपीएस मैपिंग की

दुर्गुकोंदल। जैव विविधता संरक्षण के उद्देश्य से सिहारी जलाशय का जीपीएस मैपिंग किया गया। इस पहल का उद्देश्य जलाशय के संवर्धन के माध्यम से पर्यावरण संतुलन बनाए रखना है। जीपीएस मैपिंग के दौरान वन विभाग, जल संसाधन विभाग और राजस्व विभाग के कर्मचारियों ने संयुक्त रूप से कार्य किया। इस प्रक्रिया में वन विभाग से डिप्टी रेंजर त्रिभुवन कंचन, वनकर्मी अजय नेताम, जल संसाधन विभाग के कर्मचारी दीपक चन्दौरोल, हल्का नंबर 17 के पटवारी राजेन्द्र नरेटी, ग्राम गायता शिवलाल कल्लो, पटेल झाडूराम कल्लो और अन्य ग्रामीणों जैसे दीपक कल्लो, सरजू कोमरा, महेन्द्र कोमरा, जयलाल नेताम, शैलेंद्र कल्लो ने सक्रिय भागीदारी निभाई।

लोक अदालत : अवार्ड राशि 1 करोड़ 77 लाख 99 हजार 506 रुपए पारित हुआ

# नेशनल लोक अदालत में 85 हजार से अधिक प्रकरणों का हुआ निराकरण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कांकेर

राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में जिला एवं सत्र न्यायालय कांकेर में तृतीय नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया गया। लोक अदालत में त्वरित, सौहार्दपूर्ण एवं आपसी सहमति से 85 हजार 988 प्रकरणों का निराकरण किया गया। जिले में कुल 09 खंडपीठ गठित किए गए, जिनमें कांकेर में 05, भानुप्रतापपुर में 02 तथा पखांजूर में 02 खंडपीठ शामिल थे।

नेशनल लोक अदालत के माध्यम से 3,282 लंबित प्रकरणों में से 3,114 प्रकरणों का निराकरण किया गया, जिनमें कुल अवार्ड राशि 1 करोड़ 77 लाख 99 हजार 506 रूपएं पारित किया गया। इसी तरह प्री-लिटिगेशन प्रकरणों (बैंक वसूली, विद्युत व जलकर, टेलीफोन आदि) के कुल 82,874 मामलों का निपटारा हुआ, जिनमें 55 लाख 75 हजार 630 रूपएं कर समझौता राशि वसूली गई। न्यायपालिका द्वारा आम नागरिकों को त्वरित, सरल एवं सुलभ न्याय उपलब्ध कराने की यह पहल सराहनीय रही। लोक अदालत के अवसर पर निःशुल्क चिकित्सा जांच शिविर भी आयोजित किया गया, जिसमें 29 लोगों के रक्तचाप, शुगर आदि की जांच की गई। यह सेवा विशेष रूप से बुजुर्गों और दूरदराज से आए लोगों के लिए लाभकारी रही, जिससे उन्हें स्वास्थ्य संबंधी परामर्श भी मिला। कांकेर में गठित खंडपीठों की अध्यक्षता क्रमशः खंडपीठ क्र. 1 में आनंद कुमार ध्रुव, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में रमाशंकर प्रसाद, कुटुंब न्यायाधीश क्र. 3 में भास्कर मिश्र, सिविल जज सीनियर डिवीजन/मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट, क्र. 4 में अम्बा शाह, न्यायिक मजिस्ट्रेट प्रथम श्रेणी, क्र. 5 में सुनीति नेताम, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी, इसी प्रकार भानुप्रतापपुर में खंडपीठ क्र. 1 में दीपक के. गुप्ता, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश, खंडपीठ क्र. 2 में गुलापन राम यादव, सिविल जज सीनियर डिवीजन। पखांजूर में खंडपीठ क्र. 1 में विजय कुमार मिंज, जिला एवं अपर सत्र न्यायाधीश,खंडपीठ क्र. 2 में ध्रुवराज ग्वाल, न्यायिक मजिस्ट्रेट द्वितीय श्रेणी शामिल थे। इसके अतिरिक्त राजस्व न्यायालय में भी एक खंडपीठ गठित किया गया, जिसमें राजस्व प्रकरणों का निराकरण हुआ।



# लाखों का सरोना कालेज कर्मचारी भवन हो रहा जर्जर, बना शराबियों का अड्डा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| सरोना

ग्रामीण अंचल सरोना महाविद्यालय के परिसर में प्राध्यपकों के रहने के लिए लाखों रुपए की लागत से पांच आवास भवन का निर्माण कराया गया था, परंतु आज तक जस का तस पड़े हुए है। उद्देश्य था कि यहां प्राध्यापकों के लिए अलग से व्यवस्था उपलब्ध हो सके, ताकि महाविद्यालय के शैक्षणिक वातावरण को और सुदृढ़ किया जा सके, लेकिन अफसोसजनक स्थिति यह है कि यह भवन अपने असली उद्देश्य से कोसों दूर होकर पूरी तरह जर्जर हो चुके है। प्राध्यपकों के रहने के लिए बनाए गए भवन का आज तक विधिवत उद्घाटन तक नहीं हुआ और यह अंग्रेजी शराब पीने वालों का अड्डा बन चुका है। महाविद्यालय कर्मचारी भवन के आसपास फैली गंदगी और भवन की टूटी-फूटी दीवारें इस बात की गवाही दे रही हैं कि संबंधित विभाग और जनप्रतिनिधि इस ओर कतई ध्यान नहीं दे रहे हैं। इसका असर पढ़ने वाले बच्चों पर पढ़ रही है। ग्रामीणों का कहना है कि उन्होंने कई बार इस मुद्दे को उच्च अधिकारियों और जनप्रतिनिधियों तक पहुंचाया, लेकिन हर बार केवल आश्वासन मिला। कार्रवाई के नाम पर जिम्मेदार चुप्पी साधे बैठे हैं। अब आलम यह है कि दिन ढलते ही यहां शराबियों का जमावड़ा लग जाता है, जिससे महाविद्यालय परिसर का माहौल दूषित हो रहा है। ग्रामीणों ने बताया की मुख्यमंत्री के नरहरपुर प्रवास के दौरान शिकायत करने की बात कही है। ग्रामीणों ने सवाल उठाया है कि आखिर सरकार और विभाग लाखों-करोड़ों रुपए खर्च कर ऐसे भवनों का निर्माण क्यों करते हैं, जिनका कोई उपयोग ही न हो पाए। प्राध्यापकों के लिए बने इस भवन के खंडहरनुमा ढांचे और शराबियों के अड्डे में तब्दील होने से ग्रामीणों में आक्रोश है। उनका कहना है कि यदि शीघ्र ही इस पर ध्यान नहीं दिया गया तो वे आंदोलन का रास्ता अपनाने के लिए बाध्य होंगे। सरोना एवं सालेभाट के बुद्धिजीवियों और सामाजिक कार्यकर्ताओं का मानना है कि यह भवन शिक्षा के बजाय गंदगी और अव्यवस्था का प्रतीक बन गया है।



### इलाज के दौरान युवक की मौत, मर्ग कायम

कांकेर। छोटेबेठिया थानांतर्गत 30 वर्षीय बिसाहू राम वड्डे का इलाज के दौरान 13 जुलाई को मौत हो गया। अस्पताल द्वारा अस्पताली मेमो पेश कर पुलिस को बताया गया कि मृतक को इलाज के लिए अस्पताल में लाया गया था। स्वास्थ्य अधिक खराब हो जाने के कारण उसका मौत हो गया। पुलिस ने मर्ग कायम कर विवेचना में लिया है।













